# अपनी बात

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की पत्रिका

अंक : 511 वर्ष 40

राँची, 31 दिसम्बर, 2016

## गोल्डेन मुकाम के लिए कोयला सचिव ने बच्चों को प्रोत्साहित किया



उत्साहित बच्चों संग कोयला सचिव तथा सीएमडी

विगत 11 दिसम्बर को कोयला सचिव (भारत सरकार) श्री सुशील कुमार ने होटवार स्थित खेल अकादमी के रख–रखाव और छात्र–छात्राओं के रहन–सहन, शिक्षा एवं प्रशिक्षण की जानकारी ली। कोयला सचिव के खेलगांव पहुंचने पर हमारे सीएमडी श्री गोपाल सिंह, निदेशक (वित्त) श्री डी.के. घोष, निदेशक (का.) श्री आर.एस. महापात्र, निदेशक (तक./संचा.) श्री सुबीर चन्द्रा, निदेशक (यो./परि.) श्री ए.के. मिश्रा तथा सीवीओ श्री अरबिन्द प्रसाद ने उनका स्वागत किया।

कोयला सचिव ने बच्चों से सीधे संवाद किया और उन्हें प्रेरित करते हुए कहा कि आप सभी बच्चे प्रतिभाशाली हैं और शिक्षा में बेहतर करने के साथ–साथ आप सभी खेलों में भी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 में आयोजित होने वाले ओलंपिक खेलों में मिशन "गोल्ड मेडल" के तहत अपनी कड़ी मेहनत और सतत प्रशिक्षण से आप सभी निश्चय ही कामयाब होंगे। दिसम्बर माह में पांच बच्चों राहुल, कोशिक, प्रेम, मंजूषा और रिया ने अपना जन्मदिन कोयला सचिव, सीएमडी, प्रशिक्षक, सीईओ (खेल) श्री आलोक कुमार एवं अन्य अतिथियों के साथ मिलकर मनाया। बच्चे सचिव महोदय से मिलकर काफी प्रसन्न एवं उत्साहित थे।

## श्रम सम्मान समारोह

12 दिसम्बर को ही "विचार मंच" में "श्रम सम्मान समारोह" में कोयला सचिव ने कोयला कर्मियों के श्रेष्ठ कार्यनिष्पादन के लिए उन्हें पुरस्कृत किया तथा बीटीटीआई के 17 छात्रों को सर्टीफिकेट प्रदान कर प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर कोयला सचिव ने क्लीन कोल के उत्पादन पर विशेष बल देते हुए कहा कि आने वाले समय में सीसीएल प्रबंधन, जनप्रतिनिधि और कर्मी इस पर विचार करते हुए क्लीन कोल के उत्पादन और आपूर्ति को और बढ़ायेंगे।



कोयला कर्मियों को सम्मानित करते कोयला सचिव

स्वागत संबोधन में सीएमडी सीसीएल श्री गोपाल सिंह ने कहा कि दिसम्बर माह में कंपनी ने 11 प्रतिशत ग्रोथ हासिल किया है और बाकि बचे चार माह बहुत ही महत्वपूर्ण हैं। सीमएडी ने कहा कि सीसीएल में क्षमता है और सम्मिलित प्रयास और कड़ी मेहनत से लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सीसीएल कर्मी कटिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि सीसीएल को जो भी लक्ष्य मिलता है उसकी प्राप्ति कर हमेशा एक नया कीर्तिमान बनाता है।

डीएवी उरीमारी के आठवें वर्ग के छात्र मास्टर असीम यश (14 वर्ष) को एक नवीन आविष्कार युनिक ऐप्स (Fr ee call by Aseem Yash) के लिए कोयला सचिव ने सम्मानित किया और नये–नये आविष्कार करने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर निदेशकगण, सीवीओ, विजयी प्रतिभागी, श्रमिक प्रतिनिधिगण, अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## सीसीएल के लाल एवं लाडली का निरीक्षण

कोयला सचिव ने 11 दिसम्बर को ही सीसीएल के लाल एवं लाडली के छात्र–छात्राओं से गांधीनगर में मुलाकात की तथा क्लास रूम में जाकर सीसीएल के लाल एवं लाडली से सीधे संवाद करते हुए सभी का परिचय प्राप्त किया। उन्होंने सभी बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आईआईटी में सफल होने के लिए मौलिक सोच की आवश्यकता है।

सीएमडी श्री गोपाल सिंह ने सीसीएल के लाल एवं लाडली योजना की जानकारी देते हुए कहा कि पिछले बैच से 3 बच्चों ने आईआईटी और 7 बच्चों ने एनआईटी पास किया है और इस वर्ष बच्चों का लक्ष्य आईआईटी में दाखिला लेना है। सभी बच्चों ने एक स्वर में कोयला सचिव को बताया कि हम सभी का लक्ष्य आईआईटी में दाखिला लेना है और हम इसके लिए अपना शत–प्रतिशत देंगे।

कार्यक्रम में निदेशक (वित्त) श्री डी.के. घोष, निदेशक (का.) श्री आर.एस. महापात्र, निदेशक (तक./संचा.) श्री सुबीर चन्द्रा, निदेशक



कोयला सचिव, सीएमडी, सीवीओ साथ में सीसीएल के लाल, लाडली के होनहार बच्चे

(यो./परि.) श्री ए.के. मिश्रा तथा सीवीओ श्री अरबिन्द प्रसाद, डॉ. बी.एम. के. सिन्हा, श्री आलोक गुप्ता सहित सीसीएल कर्मी उपस्थित थे।

## सीसीएल के कार्यनिष्पादन की समीक्षा



समीक्षा बैठक को संबोधित करते कोयला सचिव श्री सुशील कुमार

कोयला सचिव ने विगत 12 दिसम्बर को सीसीएल मुख्यालय, रांची के "कोयला कक्ष" में कंपनी के कार्यनिष्पादन की समीक्षा की। बैठक में सीएमडी, श्री गोपाल सिंह, सभी निदेशकगण, सीवीओ एवं सभी क्षेत्रीय महाप्रबंधक सहित मुख्यालय के विभागाध्यक्ष उपस्थित थे।

कोयला सचिव ने कहा कि सीसीएल के समीक्षा के आधार पर मैं यह कह सकता हूँ कि कंपनी के कर्मी अपने–अपने स्थान पर कड़ी मेहनत, निष्ठा एवं सकारात्मक दिशा में कार्य कर रहें हैं। मुझे पूर्ण विश्वास है कि सीसीएल वर्तमान वितीय वर्ष 2016–17 में कोयला उत्पादन के लक्ष्य को हासिल करने के साथ–साथ क्लीन कोल पर ध्यान देते हुए और बेहतर कार्य निष्पादन करेगा।

कोयला सचिव ने कैंटीन का निरीक्षण भी किया और वहाँ कार्ड स्वैप मशीन का विधिवत उद्घाटन किया।

"सतर्क दृष्टि" परियोजना का शुभारंभ विगत 12 दिसम्बर को मुख्यालय में कोयला सचिव (भारत सरकार) श्री सुशील कुमार ने ऑन लाइन बटन दबाकर किया। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि आईटी के क्षेत्र में सीसीएल की यह एक अच्छी शुरूआत है और प्रशंसनिय है। सीसीटीवी कैमरा की शुरूआत मुख्यालय के बिल्डिंग तथा जवाहर नगर कॉलोनी से की गई है तथा उसकी मोनीटरिंग सतत् चलती रहेगी।

## कोयला सचिव, भारत सरकार का रजरप्पा दौरा



कोयला सचिव इको पार्क का शिलान्यास करते हुए

पिपरवार दौरे के अगले दिन 14 दिसम्बर को कोयला सचिव ने सीसीएल के रजरप्पा क्षेत्र का दौरा किया। यहाँ पर कोयला सचिव श्री सुशील कुमार ने सीएमडी श्री गोपाल सिंह के साथ रजरप्पा मंदिर रोड के भुचूंगडीह स्थित चार नंबर डंपिग यार्ड के समीप में बनने वाले इको पार्क का विधिवत शिलान्यास किया। कोयला सचिव ने कहा कि पर्यावरण को ध्यान रखते हुए सीसीएल कर्मी कोयला उत्पादन करें। उन्होंने कहा कि वर्तमान में देश में उर्जा के कई वैकल्पिक श्रोत का विकास हुआ है और ऐसी स्थिति में वर्ष 2020 तक कोल इंडिया की सभी अनुषंगी कंपनियों में और कोल वाशरीज स्थापित किये जायेंगे जिससे पर्यावरण कम से कम प्रदूषित हो। उन्होंने कहा कि पूरे कोल इंडिया में क्लीन कोल का उत्पादन बढ़ाना हमारी प्राथमिकता है।

## कोयला सचिव का पिपरवार दौरा

कोयला सचिव श्री सुशील कुमार ने विगत 13 दिसम्बर को सीसीएल के पिपरवार क्षेत्र का दौरा किया। सचिव महोदय ने कोयला उत्पादन के संबंध में जानकारी ली और लक्ष्य प्राप्ति हेतु सभी को प्रेरित किया। श्री कुमार ने बचरा स्थित सीसीएल के दिव्यांग केंद्र के बच्चों से संवाद किया और उन्हें विहल चेयर, कैलिपर प्रदान किये। अवसर विशेष पर बच्चे बहुत खुश एवं उत्साहित थे। उन्होंने पिपरवार स्थित "इको पार्क" में तीन एकड़ जमीन में "मिक्स फॉरेस्टी" का उदघाटन भी किया। पार्क में कोयला सचिव सहित सीमएडी, निदेशगण, महाप्रबंधक पिपरवार एवं श्रमिक प्रतिनिधियों ने 101 छायादार एवं औषधि पौधो का रोपण किया। 78 ड्राप आउटस बच्चों को जिन्हें सीसीएल ने गोद लिया है, के बीच कोयला सचिव ने गर्म कपड़े का



कोयला सचिव दिव्यांग बच्चों के साथ

वितरण किया तथा शिक्षा, स्वास्थ्य के साथ–साथ खेलों के बारे में जानकारी ली। इसी क्रम में उन्होंने पिपरवार क्षेत्र के छः कर्मियों को उनके उत्कृष्ट कार्यनिष्पादन के लिए सम्मानित किया।

सीएमडी श्री गोपाल सिंह ने सचिव महोदय को पिपरवार क्षेत्र के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। श्री सिंह ने बताया कि कोयला निष्कासन के बाद खदान की भराई कर वहाँ पर पुनः वृक्षारोपण किया जाता है। उन्होंने बताया कि सीसीएल आसपास के ग्रामीणों को कृषि से संबंधित प्रशिक्षण की सुविधा भी मुहैया कराता है।

सम्पादक : दीपक कुमार, विभागाध्यक्ष (जनसम्पर्क) जनसम्पर्क विभाग ● सहायक सम्पादक : निशा रंजन, सहायक प्रबंधक (कार्मिक), सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची द्वारा प्रकाशित एवं सीसीएल प्रेस, राँची में मुद्रित। (आंतरिक वितरण हेतु)